Title: Need to provide relief to the flood affected areas of Madhubani in Bihar.

डा. शकील अहमद महोदय, मैं आपका ध्यान बिहार राज्य के मधुबनी लोकसभा क्षेत्र की ओर दिलाना चाहता हूं। पिछले काफी दिनों से यह क्षेत्र बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित है। मधुबनी लोकसभा क्षेत्र के प्रखंड खजोली, जयनगर, हरलाखी, बासोपट्टी, मधवापुर, बेनीपट्टी, मधुबनी, राजनगर, बिसफी और दरभंगा जिले के जाले एवं सिंधवाड़ा प्रखंड बुरी तरह बाढ़ से प्रभावित हैं।

महोदय, वहां सारा पानी नेपाल से आई हुई नदियों के द्वारा आता है। नेपाल के लोग सिंचाई के लिए तथा अन्य कार्यों के लिए पानी रोक कर रखते हैं और जब उनके यहां पानी ज्यादा होने लगता है तो एकाएक सारा पानी खोल देते हैं, जिससे फ्लड की तरह सारा पानी आकर किसानों की खेती, उनके घर, अनाज तथा सारी फसलों को बर्बाद कर देता है। इसलिए मेरा आग्रह है कि नेपाल से जो नदियां भारत में आकर उत्तर-बिहार के मधुबनी लोकसभा क्षेत्र के गांवों में तबाही मचाती हैं, उसके लिए केन्द्र सरकार सहायता दें और नेपाल सरकार से बात करके उन्हें ऐसा करने से रोकें।

महोदय, पूरे बिहार की फ्लड में अब तक ५८ लोग मर चुके हैं। मैं चाहता हूं कि केन्द्र सरकार बिहार को विशेष राशि मुहैया करे। बिहार में मधुबनी में बाढ़ की स्थिति बहुत गंभीर है।

महोदय, मैं चार दिन से बोलने का प्रयास कर रहा था, आपने मुझे समय दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shrimati Rama Devi, your name has not been called. Please take your seat.